

छठ पर्व पर लक्ष्मण मेला स्थल स्थित गोमती नदी तट पर सूर्य को अर्ध देती महिला व बेंदी की पूजा करती, खाना बनाती महिलाएं व घाट की तैयारियों का निरीक्षण करते नगर विकास मंत्री ए के शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल। छाया:आज

छठ महापर्व पर्व-खरना के बाद व्रतियों का छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत शुरू

लखनऊ। राजधानी में आज छठ महापर्व पर्व के दूसरे दिन संतान के सुखी जीवन के लिए सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना के लिये व्रतियों ने खरना कर छठी मैया की पूजा अर्चना किया। सूर्यास्त के समय रसियाव खाकर व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू कर लिया है।



उल्लेखनीय है कि छठ महापर्व पर्व के तीसरे दिन कल छठ पूजा पर शाम को तकरीबन साढ़े पांच बजे छठ घाटों से अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देकर संतान के सुखी जीवन की कामना की जाएगी। छठ पूजा के लिए विभिन्न घाट सजावट के साथ लाइटों से जगमग हो चुके हैं ।महापर्व के दूसरे दिन आज सुबह से ही खरना के लिए लोगों ने तैयारी शुरू कर दी थी ।सूर्यास्त के बाद गाय के दूध में गुड़ डालकर साठी के चावल की मिट्टी अथवा पीतल के बर्तन में खीर बनायी ।भोग के लिए मिट्टी व तांबे के बर्तन में ही रोटी बनायी ।इसके बाद छठी मैया का आह्वान कर भोग लगाया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू किया ।महापर्व के तीसरे दिन रविवार को घाट के किनारे जल में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा जबकि सोमवार को अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत संपन्न कर प्रसाद वितरित किया जाएगा। लक्ष्मण मेला मैदान सहित 110 घाटों पर जिला प्रशासन नगर निगम और एलडीए और पुलिस महकमा व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहा हैं ।सभी घाटों पर महिलाओं की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, जल पुलिस और नागरिक पुलिस की तैनाती, गोमती में स्टीमर, फागिंग और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की गई है। लक्ष्मण मेला मैदान में 15 नवंबर को दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। पद्मश्री मालिनी अवस्थी मुख्य कलाकार के रूप में प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम में 100 से अधिक कलाकार हिस्सा लेंगे। इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित भी किया जाएगा ।इसमें केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह वित्त मंत्री सुरेश खन्ना नगर विकास मंत्री एके शर्मा और महापौर सुषमा खर्कवाल समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

आज अस्ताचलगामी सूर्य देव को दिया जायेगा अर्घ्य

ठाकुरगंज में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। ठाकुरगंज में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पिता ने शरीर को फंदे पर लटका देखा तो उसे नीचे उतारा और ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, जिससे कारण स्पष्ट हो सके। हालांकि पुलिस का कहना है कि वह अत्याधिक नशा करता था। कुडिया घाट निवासी मुन्ना द्विवेदी पूजा पाठ करके परिवार का पेट पालते है जबकि उनकी पत्नी सावित्री देवी कुडिया घाट के पास पान मसाला, पानी आदि बेचती है। सावित्री देवी ने बताया कि उनका बेटा कृष्णा द्विवेदी 20 वर्ष कोई काम नहीं करता था। वह घर में रहता था। शनिवार दोपहर तक वह सोकर नहीं उठा। इस पर मुन्ना उसे जगाने के लिए कमरे में पहुंचे तो देखा कि उसका शरीर रस्सी से छत के कुण्डे में लटक रहा है।

आज व कल बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

हजरतगंज-महानगर-चौक में डायवर्जन, कुड़ियाघाट जाने वाले रास्तों पर प्रतिबंध

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में छठ पूजा को देखते हुए राजधानी में 15 और 16 नवंबर को ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। 15 नवंबर को सूर्यास्त अर्घ्य और कोसी भरने के कार्यक्रम के चलते दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक कई रास्तों पर सामान्य वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। वहीं, 16 नवंबर को सूर्योदय अर्घ्य के लिए सुबह 3 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक डायवर्जन लागू रहेगा। ट्रैफिक पुलिस ने हजरतगंज, महानगर और चौक क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। कई प्रमुख रास्तों पर वाहन नहीं जा सकेंगे। वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों से गुजरना होगा। चिरैयाझील तिराहे से लक्ष्मण मेला मैदान की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। वाहन सहारागंज, सिकंदरबाग, दैनिक जागरण, पीएनटी चौराहा और क्लार्क अवध तिराहे से जा सकेंगे। सिकंदरबाग से महानगर जाने वाले वाहन संकल्प वाटिका कटिंग से चिरैयाझील की ओर नहीं जाएंगे। इन्हें निशातगंज और महानगर होकर जाना होगा। 1090 चौराहे से पीएनटी, बैकुंठधाम और संकल्प वाटिका ओवरब्रिज होकर लक्ष्मण मेला मैदान की ओर सामान्य वाहन, रोडवेज और सिटी बसें प्रतिबंधित रहेंगी। इन्हें गोल्फ क्लब और बंदरियाबाग होकर जाना होगा। कैसरबाग बस अड्डे से चिरैयाझील और संकल्प वाटिका ओवरब्रिज होकर 1090 चौराहे की ओर रोडवेज बसें नहीं जा सकेंगी। बसें बर्लिंग्टन, केकेसी पेट्रोल पंप तिराहा और कुंवर जगदीश चौराहे से जाएंगी। समतामूलक चौराहे से बैकुंठधाम और लक्ष्मण मेला मैदान की ओर सामान्य वाहन, रोडवेज और सिटी बसें प्रतिबंधित रहेंगी। इन्हें 1090, गोल्फक्लब, बंदरियाबाग और कैंट होकर जाना होगा। नदवा बंधा मोड़ से झूलेलाल पार्क की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। इन्हें आईटी चौराहा या सुभाष चौराहे से जाना होगा। इक्का-तांगा स्टैंड से झूलेलाल पार्क जाने वाले वाहन डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग, आईटी चौराहा या डालीगंज चौराहे से जाएंगे। आईटी चौराहे से हनुमान सेतु मंदिर और सुभाष चौराहे की ओर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। इन्हें डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग और इक्का-तांगा स्टैंड होकर जाना होगा। नया पक्का पुल से बंधा मार्ग होते हुए बैरल नंबर-2 की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। इन्हें पुराने पक्के पुल और सीतापुर रोड से जाना होगा। खदरा और फैजुल्लागंज से नया पक्का पुल की ओर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। इन्हें 60 फीटा सीतापुर रोड से जाना होगा। नदवा बंधा यू-टर्न और हनुमान सेतु मंदिर चौराहे से डालीगंज इक्का-तांगा चौराहे की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे।

दरोगा भर्ती 2020-21 पूरक अंतिम परिणाम घोषित

लखनऊ।उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, पीएसी प्लाटून कमांडर एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पदों पर सीधी भर्ती-2020-21 का पूरक अंतिम चयन परिणाम घोषित कर दिया है। यह परिणाम इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 01 सितंबर 2026 के निर्णय के अनुपालन में जारी किया गया है। बोर्ड ने चयनित अभ्यर्थियों की सूची अपनी वेबसाइट पर जारी कर दी है। बोर्ड के मुताबिक इस पूरक परिणाम में कुल 203 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इनमें *उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर 200 और प्लाटून कमांडर, पीएसी के पद पर 03 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। उच्च न्यायालय के निर्णय से आच्छादित 138 याचीगण/अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण के लिए 02 नवंबर 2026 को बुलाया गया था। इसमें 09 अनुपस्थित रहे। संवीक्षा में 129 अभ्यर्थी सफल हुए। इसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए 05 नवंबर 2026 को 278 अभ्यर्थियों को बुलाया गया, जिसमें से 16 अनुपस्थित रहे, 60 असफल हुए और 202 सफल हुए। इसके अतिरिक्त 10 अभ्यर्थी पूर्व में ही डीवी/पीएसटी एवं पीईटी में सफल थे। इस तरह कुल 212 अभ्यर्थियों में से मेरिट, नॉर्मलाइज्ड स्कोर और वरीयता क्रम के आधार पर 200 अभ्यर्थी उप निरीक्षक और 03 अभ्यर्थी प्लाटून कमांडर के पद पर चयनित हुए। 09 अभ्यर्थी कट ऑफ अंक से कम अंक पाने के कारण असफल रहे।

किसान ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। माल के पिपरी गांव के किसान आशाराम (45) ने आम की बाग में रस्सी से फांसी लगा ली। माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि गंगा देई के मुताबिक शुक्रवार रात पति आशाराम भोजन करके सो गए थे। शनिवार तड़के पांच बजे जब वह उठी तो पति नहीं थे। ग्रामीणों के साथ खोजबीन में पति गांव के ही तुला की बाग के आम के पेड़ में रस्सी के सहारे फंदे पर लटके थे। मई में बड़े बेटे आदित्य की सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। आशाराम उसी तनाव में रहते थे।

बदलते राजनीतिक परिवेश में नए चैलेंज का सामना करने को तैयार रहें कार्यकर्ता- डॉ. वर्मा

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। भाजपा आज अपने सर्वोच्च शिखर पर है और हमें न सिर्फ इस ऊंचाई को बनाए रखना है बल्कि निरंतर आगे बढ़ना है। उक्त उद्गार शनिवार को गोमती नगर स्थित आईएमआरटी में भाजपा लखनऊ महानगर एवं लखनऊ जिला की संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश सह प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा पार्टी के पूर्व कार्यकर्ताओं ने 75 वर्षों तक पूरी निष्ठा, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य किया है। आज भाजपा अपने सर्वोच्च शिखर पर है, लेकिन इस ऊंचाई को बनाए रखना और निरंतर आगे बढ़ना किसी भी राजनीतिक संगठन के लिए बड़ी चुनौती होती है। बदलते राजनीतिक परिवेश में नए चैलेंज का सामना करने के लिए कार्यकर्ताओं को पूरी तैयारी और सक्रियता के साथ काम करना होगा। डॉ वर्मा ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोकल फॉर वोकल, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने देश की आर्थिक एवं औद्योगिक क्षमता को नई मजबूती दी है।

महिला सिपाही को ईंट मारकर किया जख्मी

लखनऊ। हजरतगंज में महिला थाना परिसर में महिला सिपाही को उसके पति और जेठ ने पुलिस वालों के सामने ईंट से हमलाकर जख्मी कर दिया। विरोध करने पर महिला सिपाही के साथ ही अन्य महिला पुलिसकर्मियों को आरोपियों से गालियां दी और भिड़ गए। आरोप है कि आरोपी पति व अन्य लोग उसे जानमाल की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित महिला सिपाही ने पति, जेठ व अन्य के खिलाफ शुक्रवार को हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

किशोरी के साथ दुष्कर्म, विरोध में पीटा

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। रहीमाबाद के एक गांव में शुक्रवार दोपहर ऑटो ड्राइवर ने नाबालिग को झोपड़ी से खींचा और झाड़ियों में ले जाकर दुष्कर्म किया। किशोरी ने विरोध किया तो आरोपी ने उसको बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। इस बीच कुछ देर तक पीड़िता खुद को छुड़ाने के लिए संघर्ष करती रही। दुष्कर्म के बाद आरोपी ऑटो ड्रावर ने नाबालिग को झाड़ियों में बेसुध छोड़कर फरार हो गया। घर पर नाबालिग के न मिलने पर परिजनों ने तलाश की तो पीड़िता झाड़ियों में मिली। परिजनों को आपबीती बताई, जिसके बाद पीड़ित परिवार ने रहीमाबाद थाने में आरोपी ऑटो ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि शुक्रवार दोपहर पीड़िता झोपड़ी के बाहर बर्तन साफ कर रही थी। तभी महदोईया गांव निवासी ऑटो ड्राइवर गुड्डू रावत उधर से गुजरा। उसने पीड़िता को अकेला देखा। उसे पकड़कर घसीटते हुए झाड़ियों में ले गया। उसने इसका विरोध किया तो लात घूसों से उसकी पिटाई कर दी। पांच मिनट तक दरिंदे से किया संघर्ष आरोपी से खुद को बचाने के लिए पीड़िता करीब पांच मिनट से संघर्ष करती रही।

ट्रॉमा मरीजों के इलाज में जीवनरक्षक साबित होगी अल्ट्रासाउंड तकनीक

बेडसाइड अल्ट्रासाउंड से हो सकेगी जानलेवा चोटों की समय पर पहचान

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। केजीएमयू के एनेस्थीसियोलॉजी विभाग द्वारा सोसाइटी ऑफ ट्रॉमा इंटेंसिव केयर के तत्वावधान में शनिवार को एक दिवसीय कार्यशाला ट्रस्ट -2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को ट्रॉमा के मरीजों के प्रारंभिक आकलन, जानलेवा चोटों की शीघ्र पहचान, प्रबंधन एवं पुनर्जीवन में अल्ट्रासाउंड के प्रभावी उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम की मुख्य थीम 'फार्म प्राइमरी सर्वे टू डिफाइनेटिव रिससिटेशन' रही। इसमें विशेष रूप से प्वाइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इसके माध्यम से गंभीर रूप से घायल मरीजों में जानलेवा स्थितियों की शीघ्र पहचान, बेडसाइड पर तत्काल मूल्यांकन तथा समय पर उचित चिकित्सकीय निर्णय लेने में सहायता मिलती है। ट्रॉमा के उपचार में अल्ट्रासाउंड का समुचित उपयोग त्वरित निदान, रिससिटेशन की बेहतर योजना और मरीजों के उपचार परिणामों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम में पांच विशेष हैंड्स.ऑन वर्कस्टेशन आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों को ट्रॉमा मरीजों के मूल्यांकन एवं प्रबंधन में अल्ट्रासाउंड के व्यावहारिक उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ मोनिका कोहली, विभागाध्यक्ष, एनेस्थीसियोलॉजी विभाग एवं डॉ दिनेश कौशल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ राम गोपाल मौर्य ने बताया कि ट्रॉमा मरीजों के उपचार में अल्ट्रासाउंड का प्रभावी उपयोग दुर्घटना के बाद के महत्वपूर्ण गोल्डन ऑवर में मरीज की जान बचाने में अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि बेडसाइड अल्ट्रासाउंड के व्यापक उपयोग से जानलेवा चोटों की समय पर पहचान और उचित रिससिटेशन संभव हो सकेगा, जिससे ट्रॉमा से होने वाली मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण मदद मिल सकती है। इस पहल के माध्यम से एनेस्थीसियोलॉजी विभाग ने ट्रॉमा एवं क्रिटिकल केयर के क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा व्यावहारिक कौशल विकास तथा आधुनिक और साक्ष्य.आधारित बेडसाइड अल्ट्रासाउंड तकनीकों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

डायबिटीज से बचाव के लिए नियमित व्यायाम और कम करें मोबाइल का प्रयोग- प्रो सीएम सिंह

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। आधुनिक जीवनशैली और आनुवंशिक प्रवृत्ति से जुड़े जोखिमों के चलते वर्तमान में डायबिटीज के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उक्त उद्गार विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा शनिवार को संस्थान के निदेशक प्रो सीएम सिंह ने व्यक्त किये। उन्होंने अत्यधिक मोबाइल फ ोन के उपयोग और लंबे समय तक निष्क्रिय रहने से बचने की सलाह दी। साथ ही व्यायाम संबंधी जानकारी प्राप्त करने तथा सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए करने पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा शनिवार को अर्बन हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर उजरियांव में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष एवं आयोजन अध्यक्ष प्रो एस डी कांडपाल के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने मधुमेह की रोकथाम के लिए नियमित शारीरिक गतिविधि, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, मोटे अनाज मिलेट्स के सेवन तथा नियमित व्यायाम को दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। इसके पश्चात संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अरविंद ने तनाव प्रबंधन और शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि तनाव को प्रभावी ढंग से संभालना और नियमित रूप से सक्रिय रहना मधुमेह की रोकथाम एवं प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विभागाध्यक्ष प्रो वीरेंद्र सिंह गोगिया ने मधुमेह रोगियों में शारीरिक अक्षमता एवं पैरों से संबंधित जटिलताओं की पहचान और प्रबंधन में फिजिकल मेडिसिन एवं रिहैबिलिटेशन की भूमिका पर प्रकाश डाला।

मधुमेह की गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता-डॉ.बी.के.एस. चौहान

लखनऊ। मधुमेह एक गंभीर लेकिन नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है। यदि इसकी पहचान समय रहते हो जाए तो नियमित जांच, उचित उपचार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इसके कारण होने वाली गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है। यह जानकारी शनिवार को विश्व मधुमेह दिवस पर बलरामपुर अस्पताल में आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रम में चिकित्सालय के निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ.बी.के.एस. चौहान ने दी। इस दौरान उन्होने आमजन से अपील की कि नियमित रूप से ब्लड शुगर की जांच कराएं, संतुलित आहार लें, शारीरिक गतिविधियां बढ़ाएं व चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार उपचार जारी रखें। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी एवं एमओआईसी डॉ.रुखसाना तबस्सुम ने बताया कि मधुमेह के प्रति जागरूकता एवं इसकी समय से पहचान अत्यंत आवश्यक है।

भारतीय संस्कृत परिषद् ने भारतीय संस्कृति और ज्ञान-साधना पर किया मंथन

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। वर्तमान समय में देश के तीर्थ स्थलों के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्त्व को जनमानस तक पहुंचाना तथा प्राचीन गौरवशाली विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन करना परम आवश्यक है। उक्त उद्गार शनिवार को विवेकानन्द प्रबन्धन तकनीकि संस्थान, इटावा, उत्तरप्रदेश के प्राचार्य व संस्कृत शिक्षक डां आनन्द कुमार दीक्षित नें अखिल भारतीय संस्कृत परिषद् द्वारा आयोजित 'नैमिषारण्य माहात्म्य' विषय पर बतौर मुख्य वक्ता व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार नैमिषारण्य वह पवित्र स्थल हैए जहाँ 88 हजार ऋषियों ने एकत्रित होकर यज्ञ, तपस्या एवं धर्मचर्चा के माध्यम से लोककल्याण का मार्ग प्रशस्त किया था। महर्षि शौनक की अध्यक्षता में आयोजित दीर्घकालीन यज्ञ एवं सूतजी द्वारा पुराणों की कथा श्रवण की परम्परा ने इस भूमि को भारतीय ज्ञानपरम्परा का महत्त्वपूर्ण केन्द्र के रूप में प्रतिस्थापित किया है। महाभारत, पुराणों तथा विविध धार्मिक ग्रन्थों में नैमिषारण्य की महिमा का उल्लेख देखा जा सकता है। कार्यक्रम मे डॉ जया तिवारी ने अपनी टीम के सदस्य मेघना श्रीवास्तव तथा निहारिका दुबे के साथ मेरी जिनदगी महिला मिशन बैंड के वन्देमातरम् गायन उपक्रम के अन्तर्गत वन्दे मातरम् का सस्वर सङ्गीत मय गायन कर राष्ट्र के प्रति सम्मान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय संस्कृत परिषद् के मन्त्री प्रो. प्रयाग नारायण मिश्र ने वाचिक स्वागत करते हुए सारगर्भित स्वरूप मे विषय का प्रवर्तन किया। ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र मिश्र ने मुख्य अतिथि के रूप में नैमिषारण्य के वैभव का वखान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप मे घुमन्तू जनजातीत परिषद् के सीतापुर के विभाग संयोजक अजयकुमार पाण्डेय ने नैमिषारण्य के अनेक रहस्यों का उद्घाटन किया। आयोजन में बड़ी संख्या में विद्वान् तथा ज्योतिष और संस्कृत विभाग लविवि के शोध छात्र उपस्थित रहे।

बच्चा चोर कहकर महिला की पिटाई में सातवां आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। इंदिरानगर के सुग्गामऊ इलाके में बच्चे चोरी करने के शक में महिला को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने के मामले में पुलिस ने शनिवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान असम के बरपेटा निवासी कमालुद्दीन के रूप में हुई है। पुलिस की कार्रवाई के बाद से आरोपी सुग्गामऊ की झुग्गी झोपड़ी छोड़ कर शहर के अलग अलग इलाके में असम के रहने वाले अपने परिचितों की झोपड़ियों में छिप कर रह रहे है। पुलिस का कहना है कि पकड़ा गया आरोपी भी इंदिरानगर के सुग्गामऊ स्थित झुग्गी-झोपड़ी में रहकर सफाई का काम करता है। पुलिस ने उसे खुर्रमनगर की झुग्गी-झोपड़ी के पास से गिरफ्तार किया है। बतातें चलें कि इंदिरा नगर इलाके में 10 नवंबर को सोशल मीडिया एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें कुछ लोग एक महिला को पैर बांध कर जानवरों की तरह उसके साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने न केवल केस दर्ज किया बल्कि अधिकारियों के दबाव में कार्रवाई शुरू की।

एसजीपीजीआई में हुआ कॉलेज ऑफ नर्सिंग का 17वां दीप प्रज्ज्वलन समारोह

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के कॉलेज ऑफनर्सिंग द्वारा शनिवार को संस्थान के सीवी रमन ऑडिटोरियम में नर्सिंग के 17वें बैच के लिए दीप प्रज्ज्वलन और शपथ ग्रहण (ओथ टेकिंग) समारोह का आयोजन बहुत उत्साह और गरिमा के साथ किया। यह दीप प्रज्ज्वलन ज्ञान, विवेक, करुणा और नर्सिंग जैसे नेक पेशे के प्रति समर्पण की भावना का प्रतीक है। उद्घाटन सत्र की शुरुआत कॉलेज ऑफनर्सिंग, एसजीपीजीआई की प्रोफेसर.सह.प्रधानाचार्य डॉ राधा के द्वारा स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने गणमान्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और दीप प्रज्ज्वलन व शपथ ग्रहण समारोह के महत्व के साथ-साथ ई.न्यूज़लेटर के मुख्य पहलुओं के बारे में बताया। संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रो आर के धीमन ने शपथ लेने वाले सभी नए नर्सिंग छात्रों और संकाय सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने जीवन में माता-पिता और शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला, साथ ही एक अच्छा दृष्टिकोण विकसित करने, कड़ी मेहनत करने, निरंतरता बनाए रखने और विपरीत परिस्थितियों में भी डटे रहने की सीख दी। कमांड हॉस्पिटल लखनऊ के कॉलेज ऑफनर्सिंग की प्रधानाचार्य, कर्नल जीना एनजी इस अवसर पर गेस्ट ऑफऑनर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नर्सिंग शिक्षा, पेशेवर मूल्यों, सहानुभूति और मरीजों की देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता के महत्व पर जोर दिया। एसजीपीजीआई के कार्यवाहक डीन प्रो आदित्य कपूर, कार्यकारी रजिस्ट्रार कर्नल वरुण बाजपेयी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो देवेंद्र गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक प्रो राजेश हर्षवर्धन, सब.डीन नर्सिंग प्रो अंकुर भटनागर और मुख्य नर्सिंग अधिकारी मंजू सिंह ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। छात्रों ने पारंपरिक नर्स शपथ ली जिसमें उन्होंने इस पेशे की गरिमा बनाए रखने और खुद को मानवता की सेवा में समर्पित करने का संकल्प लिया।

रहीमाबाद में मजदूर का शव सड़क पर मिला

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। रहीमाबाद के गोड़वा बरौकी मजरे रमपुरवा गांव निवासी रामसेवक उर्फ नंदा यादव (40) का शव गांव के बाहर सड़क पर पड़ा मिला। शनिवार सुबह शव पड़े होने की जानकारी चाचा होरी लाल ने पुलिस को दी। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चाचा ने पुलिस को बताया कि रामसेवक इकलौता बेटा था। माता पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। नशे का आदी होने की वजह से कई साल पहले पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई थी। वह अकेले ही रहता था। कई दिनों से घर नहीं आया था। शनिवार को गुलरहिया गोड़वा बरौकी सम्पर्क मार्ग के किनारे रामसेवक का शव पड़ा मिला। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

जेल में हिस्ट्रीशीटर से जल्द होगी पूछताछ

मलिहाबाद में तिहरा हत्याकाण्ड प्रकरण, पीड़ित ने दर्ज कराई है एफआईआर

लखनऊ (आज समाचार सेवा)।



मलिहाबाद में तिहरे हत्याकाण्ड का आरोपी हिस्ट्रीशीटर सिराज उर्फ लल्लन खां से जेल में पूछताछ की जाने की कवायद शुरू हो गई है। आरोपी जेल में बैठकर पैरवी करने वाले फरीद अहमद खां को रास्ते से हटाने के लिए षडयंत्र रच रहा है। इस मामले पुलिस ने फरीद अहमद की शिकायत पर हिस्ट्रीशीटर के तीन करीबी साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब पुलिस नामजद आरोपी के अलावा जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर और उसके बेटे से भी पूछताछ करेगी। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद नामजद आरोपी फरार है। उनकी तलाश की जा रही है। साथ ही पैरवी करने वाले फरीद अहमद की भी सुरक्षा का ध्यान रखा जा रहा है। बतातें चले कि मलिहाबाद के मोहम्मदनगर में दो फरवरी 2024 की दोपहर को जमीनी विवाद में हिस्ट्रीशीटर लल्लन खां और उसके बेटे फराज ने साथी फुरकान और अशरफी के साथ मिलकर घर में घुसकर ताबड़तोड़ फायर किए। आरोपियों ने रिश्तेदार फरहीन, उनके बेटे हंजला व मुनीर ताज की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। दो आरोपी जमानत पर बाहर है जबकि हिस्ट्रीशीटर और उसका बेटा अभी भी जेल में हैं। इस प्रकरण में फरीद अहमद खां पैरवी कर रहे हैं। प्रभावी पैरवी के कारण हिस्ट्रीशीटर और उसके बेटे फराज की जमानत नहीं हो पा रही है। लिहाजा, आरोपियों ने पैरवी करने वाले फरीद को रास्ते से हटाने का ताना-बाना बुन डाला।

पूर्व चौकीदार से ली जानकारी, दर्ज हुआ मुकदमा

फरीद का कहना है कि मुकदमें में प्रभावी पैरवी के कारण सिराज उर्फ लल्लन और उसके बेटे फराज की जमानत नहीं हो सकी है। इससे नाराज आरोपियों ने पैरवी रोकने और रास्ते से हटाने की जेल में बैठकर साजिश रची। फरीद ने बताया कि सिराज के बड़े बेटे एराज और असरफी ने अपने परिचित नया खेड़ा निवासी रामदेव के जरिए से उनकी गतिविधियों की जानकारी जुटाने का प्रयास किया। आरोप है कि एक नवंबर 2026 को दोपहर 12 से एक बजे के बीच रामदेव ने फरीद के घर पर पहले चौकीदारी कर चुके ननक्के से संपर्क किया। उससे उनकी पूरी लोकेशन बताने को कहा गया। फरीद ने आशंका जताई कि आरोपी उसकी हत्या करा सकते हैं। फिलहाल, पुलिस मामले में बारीकी से पड़ताल कर रही है।